साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## ग्राम कंचीरा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

रायगढ़ - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कंचीरा में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के सचिव श्री शान्तनु कुमार देशलहरे द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को तस्करी और यौन शोषण के पीड़ितों के लिए कौन.कौन सी कानूनी सहायता उपलब्ध है इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना नालसा ;तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के उद्देश्य एवं प्रावधानों के बारे में बताया कि उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य समस्त आयु के महिलाओं बच्चों एवं वयस्कों जो अवैध व्यापार में लाये गए है तथा यौन शोषण के पीड़ितो को उक्त योजनान्तर्गत रोकथाम बचाव एवं पुनर्वास के संबंध में समाधान करने हेतु विधिक सहायता प्रदान करना है तथा विधिक सेवा प्राधिकरण का हस्तक्षेप पीड़ितों की मर्यादा का संरक्षण सुनिश्चित करना है। विधिक सेवा प्राधिकरण तस्करी और यौन शोषण के पीड़ितों को बचाव के समय तथा उसके बाद केस की सुनवाई में विधिक सहायता एवं सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराता है। साथ ही धारा 357.ए दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत पीड़ितों को मुआवजा दिलवाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाने में सहायता प्रदान करता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री देशलहरे द्वारा तस्करी एवं यौन शोषण के पीड़ितों हेतु त्रिस्तरीय साझेदारी के विषय में यह बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पहले स्तर पर सामुदायिक संगठनों एवं यौन कर्मियों के साथ काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एवं अवैध व्यापार एवं यौन शोषण के पीड़ितों के साथ सहभागिता मध्य स्तर पर जिला प्रशासन तंत्र जैसे महिला एवं बाल विकास विभागए बाल संरक्षण कल्याण समितियां एवं मानव अवैध व्यापार निरोधक इकाईयों के साथ साझेदारी तथा तीसरे स्तर पर बाल विभाग जो अवैध व्यापार के पीड़ितों हेतु कई योजनाएं कार्यान्वित है सचिव श्री देशलहरे द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामजनों को उक्त योजना के अलावा नाबालिग बालक.बालिकाओं की गुमशुदगी के संबंध में तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों के अतिरिक्त महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय सहित ग्राम के सरपंच अनिता टोप्पो उपसरपंच बैजू किण्डो पंच शिवचरण एक्का तथा स्वयंसेवी संस्था पारस के सदस्य एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

**रायगढ़** -कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज यहां सृजन सभाकक्ष में 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर केन्द्राध्यक्ष एवं बीईओ ;विकासखण्ड शिक्षा अधिकारीद्धकी बैठक ली। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने सभी अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के पूर्व बच्चों के लिए पानी एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था हो। स्कूल के शौचालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष की प्रतिदिन थाने से प्रश्नपत्र निकालकर प्रात 8.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में पहुंचाने की जवाबदारी होगी। यदि किसी केन्द्र में एक से अधिक विद्यालय के बच्चे परीक्षा में बैठ रहे हो तो वहां बच्चों को मिश्रित कर बिठाए। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा केन्द्र में 50 प्रतिशत पर्यवेक्षक संस्था के एवं 50 प्रतिशत पर्यवेक्षक अन्य संस्था के होंगे।



पर्यवेक्षकों का चयन कर सूची बना ली जाए ताकि वे निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो सके। जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होगी उस दिन उस विषय के शिक्षक ड्यूटी पर नहीं होंगे। जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्र परीक्षा के उपरांत दोपहर 2॰30 बजे तक नटवर स्कूल में उत्तर पुस्तिका जमा करेंगे। शेष स्कूल अपने संबंधित थाने में उत्तर पुस्तिका जमा करेंगे। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि किसी प्रकार की कोई समस्या या सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर 18001232688 पर फ ोन कर लेवें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकॉन डी सहित हेल्थ किट रखा जाए। बच्चों के परीक्षा के लिए शांतिपूर्ण माहौल हो। कहीं भी किसी प्रकार की दिक्कत होने पर जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि केन्द्राध्यक्ष को फोन रखने की अनुमति है। क्लास रूम में कोई भी शिक्षक फोन नहीं रख सकता। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक श्री रमेश देवांगन एवं समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं बीईओ उपस्थित थे।

## बच्चों को समाज में भयमुक्त वातावरण देने की जरूरत

**रायगढ़-** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा दुबे ने आज सृजन सभाकक्ष में बच्चों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण देने के लिए महिला बाल विकास पुलिस विभाग जिला स्तरीय अधिकारी एवं बाल संरक्षण संस्थाओं के संचालकों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए समाज में ऐसा वातावरण विकसित करने की जरूरत है जिसमें बच्चे भयमुक्त होकर अपनी बात को रख सके। इसके लिए हम सबको आगे बढने और एक.दूसरे को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बच्चों का सर्वांगीण



विकास करके समाज में उन्हें आगे बढ़ाए ताकि बच्चा शिक्षित होकर प्रदेश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सके। श्रीमती प्रभा दुबे ने कहा कि बच्चे के लालन.पालन में माता.पिता के साथ समाज की भी बड़ी भूमिका रहती है। क्योंकि बच्चे की प्रथम पाठशाला परिवार और उनका समाज होता है। समीक्षा बैठक में महिला बाल अधिकारी श्री जे.आर.प्रधान ने बताया कि रायगढ़ जिले में बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैए साथ ही बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे है। जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जन.जागरूकता लायी जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2016.17 में हमारा जिला राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुका है और आगामी 8 मार्च को झुनझुन राजस्थान में प्रधानमंत्री के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अंतर्गत चार दिवसीय जेन्डर सेन्सटाइजेशन प्रशिक्षण 5 से 8 मार्च तक

**रायगढ़-** महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ द्वारा बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला स्तर पर चार दिवसीय जेण्डर सेन्सटाइजेशन;संवेदीकरण प्रशिक्षण 5 से 8 मार्च तक प्रात 10 बजे से शाम 5 बजे तक सृजन सभाकक्ष रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन 40 प्रतिभागियों को विषयांकित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें 5 एवं 6 मार्च को शालेय शिक्षकों 7 मार्च को बैंकर्स तथा अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों तथा 8 मार्च को जिला स्तरीय सभी विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

CAREER SCHOOL

Topper Students



Tarun Sahu 90% Prerna 84% Chetna 94% Sejal 88% Kusum 98%
Yamini 98% Hitendra 99% Rakesh 97% Shiva 97% Aayush 93%
Shraddha 93% Akanksha 90% Arpita 93% Sushant 92% Abhishek 99%
Priyanka 96% Geetanjali 99% Arpita 98% Prince 97% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96% Ananya 99% Ankita 99% Aradhya 97% Ashish 96%

Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our Vt.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931